ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 18-08-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-08-18 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-08-19	2022-08-20	2022-08-21	2022-08-22	2022-08-23
वर्षा (मिमी)	40.0	15.0	10.0	5.0	5.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	35.0	35.0	36.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	25.0	24.0	24.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	76	87	86	77	72
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	47	50	60	57	47
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10.0	8.9	8.4	9.4	14.0
पवन दिशा (डिग्री)	281	315	112	90	90
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	8	8	8	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (11 - 17 अगस्त , 2022) में 8.2 मिमी वर्षा हुई व आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 32.0 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 25.1 से 27.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 71 से 90 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 59 से 87 प्रतिशत एवं हवा 0.3 से 7.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व, पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली| आज 18 अगस्त को मध्यम वर्षा तथा 19 से 22 अगस्त को हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 33.0 से 36.0 व 24.0 से 25.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 8.0-14.0 किमी/घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम, उत्तर-पश्चिम, पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः18 अगस्त को कुछ स्थानों में भारी बारिश की संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 21 से 27 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम व़िज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर जिले के लिए एनडीवीआई 0.1-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों (14 जुलाई से 10 अगस्त के दौरान) से जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है | किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| किसान भाई नये बाग लगाने का कार्य करें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें तथा रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आज 18 अगस्त को मध्यम वर्षा तथा 19 से 22 अगस्त को हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। चेतावनी:18 अगस्त को कुछ स्थानों में भारी बारिश की संभावना है। जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान में कहीं-कहीं पर बैक्टीरिया जनित झुलसा रोग का प्रकोप देखा जा रहा है। जिन खेतों में पंक्तियों के अगले भाग सूखकर सफेद हो गये हों या पंक्तियो के दोनों किनारे ऊपर से नीचे की ओर सूखते हुये सफेद हो रहे हों वहाँ खेतों में कॉपर ओक्सीक्लोराइड 500ग्राम तथा स्टेपटोसाइक्लिन 15ग्राम, 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिकाव करें। छिड़काव करने के पूर्व खेत से पानी निकाल दें तथा यूरिया का प्रयोग न करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
गन्ना	गन्ने में सफेद मक्खी का प्रकोप होने पर, थियामेथ्कजेम 25 डब्लू डी जी/ एकतारा का 125 ग्राम/है0 की दर से छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
मक्का	मक्का की फसल मे दो निराई-गुड़ाई बुवाई के 20 तथा 35 दिन पर मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
निम्बू/ संतरा	सिट्रस कैंकर रोग के नियंत्रण के लिए पेड़ों पर कॉपर ओक्सीक्लोराइड 180 ग्राम और स्ट्रेप्टोसाइक्लीन 6ग्राम, 60 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
अमरूद	आम, अमरूद, लीची में प्रवर्धन का कार्य जारी रखें।
गोभी	इस माह मध्यकालीन गोभी के पौधों की रोपाई कर सकते है। अगेती फसल में निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकाल दें।
कद्दू	कद्दु वर्गीय फसलों की पत्तियो पर पीले-भूरे धब्बे दिखाई पड़ने मेन्कोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशुओं को गलघोटू रोग से बचाने के लिए जानवरों को साफ-सुथरे स्थान पर बांधे तथा आस-पास बरसात का पानी इकट्ठा ना होने दें। गलघोटू रोग के लक्षण दिखने पर पीड़ित पशु की नस में सफोनामाइडस जैसे सल्फामेथाजाइन या सल्फरडाईमिडेन 150 मिग्रा/किग्रा के हिसाब से तीन दिन तक पशुचिकित्सक की सलाह से दें।